संसद सदस्यों ने श्री एम. अनन्तशयनम आयंगर को श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, 4 फरवरी, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; केन्द्रीय संसदीय कार्य; कोयला और खान मंत्री श्री प्रहलाद जोशी; राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष श्री ग़ुलाम नबी आज़ाद; तथा संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष, श्री एम. अनन्तशयनम आयंगर की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर कई संसद सदस्यों; पूर्व संसद सदस्यों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

श्री एम.ए. आयंगर एक वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात सांसद थे। वह केन्द्रीय विधान सभा, संविधान सभा, अंतरिम संसद और पहली से तीसरी लोक सभा के सदस्य रहे। 1952 में पहली लोक सभा के गठन के समय श्री एम.ए. आयंगर सर्वसम्मति से लोक सभा के उपाध्यक्ष चुने गए। इससे पहले वह संविधान सभा (विधायी) के उपाध्यक्ष और अंतरिम संसद के उपाध्यक्ष पद पर भी आसीन रहे। तत्कालीन अध्यक्ष, श्री जी.वी. मावलंकर के आकस्मिक निधन के पश्चात् श्री आयंगर को 8 मार्च, 1956 को सर्वसम्मति से लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया। 1957 में दूसरी लोक सभा का गठन होने पर श्री आयंगर को पुनः सर्वसम्मति से लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया। यद्यपि, वह तीसरी लोक सभा के लिए चुने गए थे, परन्तु बिहार के राज्यपाल का कार्यभार ग्रहण करने के लिए उन्होंने लोक सभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया।
श्री आयंगर का 19 मार्च, 1978 को निधन हो गया।